मचित्तवग्गणसरूवेण परिणामविरोहादो। ण च सचित्तवग्गणाए कम्म-णोकम्मक्खंधेसु तत्तो विष्फट्टिय सांतरणिरंतरवग्गणाणमायारेण परिणदेसु तब्भेदेणेवेदिस्से समुप्पत्ती; तत्तो विष्फट्टसमए चेव तेहिंतो पुधभूदक्खंधाणं सचित्तवग्गणभावविरोहादो। ण महाखंधभेदेणेदिस्से समुप्पत्ती; महाखंधादो विष्फट्टखंधाणं महाखंधभेदेहिंतो पुधभूदाणं महाखंधववएसाभावेण तेसिं तब्भेदत्ताणुववत्तीदो। एदम्मि णए अवलंबिज्जमाणे उवरिल्लीणं वग्गणाणं भेदेण वि होदि त्ति परूविदं। दव्वट्ठियणए पुण अवलंबिज्जमाणे उवरिल्लीणं भेदेण वि होदि। धुवक्खंधादीणं संघादेण सांतर✠णिरंतरवग्गणा ण होदि; दव्वट्ठियणयावलंबणादो। सांतरणिरंतरवग्गणा एक्का चेव; तिस्से आयारेण धुवक्खंधवग्गणादीणमणंतरं चेव परिणामाभावादो। पज्जवट्ठियणए पुण अवलंबिज्जमाणे हेट्ठिल्लीणं संघादेण वि होदि; उक्कस्सधुवक्खंधवग्गणाए एगादिपरमाणुसमागमे सांतरणिरंतरवग्गणाए समुप्पत्तिं पडि विरोहाभावादो। ण विवरीयकप्पणा; सचित्तवग्गणट्ठाणाणमणुप्पत्तिप्पसंगादो। सांतरणिरंतरवग्गणाए परिणामंतरावत्ती णत्थि त्ति ण वोत्तुं जुत्तं; धुवसुण्णवग्गणाणमाणंतियप्पसंगादो। ण सत्थाणे चेव परिणामो वि; जहण्णवग्गणादो परमाणुत्तरवग्गणाए उप्पत्तिविरोहादो सांतरणिरंतरवग्गणाए अभाव-

होती, क्योंकि, सचित्तवर्गणाओंका अचित्तवर्गणारूपसे परिणमन होनेमें विरोध है। यदि कहा जाय कि सचित्तवर्गणाके कर्म और नोकर्मस्कन्धोंके उससे अलग होकर सान्तरनिरन्तर वर्गणारूपसे परिणत होनेपर उनके भेदसे इस वर्गणाकी उत्पत्ति होती है सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, उनसे अलग होनेके समय ही उनसे अलग हुए स्कन्धोंको सचित्त वर्गणा होनेमें विरोध आता है। महास्कन्धके भेदसे इस वर्गणाकी उत्पत्ति होती है यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, महास्कन्धसे अलग हुए स्कन्ध यतः महास्कन्धके भेदसे अलग हुए हैं, अतः उनकी महास्कन्ध संज्ञा नहीं हो सकती और इसलिए उनका उससे भेद नहीं बन सकता। इस नयका अवलम्बन करने पर ऊपरकी वर्गणाओंके भेदसे यह वर्गणा नहीं होती है यह कहा गया है। परन्तु द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करने पर ऊपरकी वर्गणाओंके भेदसे भी यह वर्गणा होती है। ध्रुवस्कन्ध आदिकके संघात से सान्तरनिरन्तर वर्गणा नहीं होती है, क्योंकि, यहां द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन लिया गया है। सान्तरनिरन्तर वर्गणा एक ही है, उस रूपसे ध्रुवस्कन्ध वर्गणा आदिका अनन्तर ही परिणामका अभाव है। परन्तु पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन लेने पर नीचेकी वर्गणाओंके संघातसे भी यह वर्गणा होती है, क्योंकि, उत्कृष्ट ध्रुवस्कन्धवर्गणामें एक आदि परमाणुका समागम होनेपर सान्तरनिरन्तर वर्गणाकी उत्पत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं है। यह विपरीत कल्पना भी नहीं है, क्योंकि, ऐसा मानने पर सचित्तवर्गणास्थानोंकी अनुत्पत्तिका प्रसंग आता है। सान्तरनिरन्तरवर्गणाका दूसरे प्रकारसे परिणमन नहीं होता है यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, ऐसा होनेपर ध्रुवशून्यवर्गणाओंके अनन्त होनेका प्रसंग आता है। केवल स्वस्थानमें ही परिणमन होता है यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, जघन्य वर्गणासे एक परमाणुअधिक वर्गणाकी उत्पत्ति होनेमें विरोध आता है, दूसरे

✠ ता० आ० का० प्रतिषु '-क्खंधादीणं सांतर-' इति पाठः ।

प्पसंगादो च । तम्हा सत्थाणेण भेदसंघादेणेव होदि त्ति घेत्तव्वं । अथवा उवरिम-वग्गणाओ विप्फट्टाओ धुवखंदादिसरूवेणेव णिवदंति; साहावियादो । धुवखंदादि-हेट्ठिमवग्गणाओ सत्थाणे चेव समागमंति उवरिमवग्गणाहि वा; साहावियादो । सांतरणिरंतरवग्गणा पुण सत्थाणे चेव भेदेण संघादेण तदुभयेण वा परिणमदि त्ति जाणावणट्ठं भेदसंघादेणे त्ति परूविदं ।

उवरिल्लीणं दव्वाणं भेदेण हेट्ठिल्लीणं दव्वाणं संघादेण सत्थाणेण भेदसंघादेण ॥ १०८ ॥

केसु वि सुत्थपोत्थएसु✡ एसो पाठो✱ । एदस्स सुत्तस्स जहा धुवखंधवग्ग-णाए तिहि पयारेहि उप्पत्ती परूविदा तहा एत्थ वि परूवेदव्वा; विसेसाभावादो । कधं सचित्तवग्गणा महाखंधवग्गणा वा सांतरणिरंतरवग्गणसरूवेण परिणमइ? ण, तब्भेदेण आगदक्खंधाणं सांतरणिरंतरवग्गणायारेण परिणामुवलंभादो ।

सांतरणिरंतरदव्ववग्गणाणमुवरि पत्तेयसरीरदव्ववग्गणा णाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेदसंघादेण ॥ १०९ ॥

सान्तरनिरन्तर वर्गणाका अभाव भी प्राप्त होता है, इसलिए स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे ही यह वर्गणा होती है ऐसा यहां ग्रहण करना चाहिए । अथवा ऊपरकी वर्गणायें टूट कर ध्रुवस्कन्ध आदि रूपसे ही उनका पतन होता है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । तथा ध्रुवस्कन्ध आदि नीचेकी वर्गणायें स्वस्थानमें ही समागमको प्राप्त होती हैं, अथवा ऊपरकी वर्गणाओंके साथ समागमको प्राप्त होती हैं, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। परन्तु सान्तरनिरन्तरवर्गणा स्वस्थानमें ही भेदसे, संघातसे या तदुभयसे परिणमन करती है इस बातका ज्ञान करानेके लिए ' भेद-संघातसे ' ऐसा कहा है ।

ऊपरके द्रव्योंके भेदसे, नीचेके द्रव्योंके संघातसे और स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे होती है ॥ १०८ ॥

कितनी ही सूत्र पोथियोंमें यह पाठ है । इस सूत्रकी व्याख्या करते समय जिस प्रकार ध्रुवस्कन्ध वर्गणाकी तीन प्रकारसे उत्पत्ति कही है उसी प्रकार यहां भी कहनी चाहिए, क्योंकि, उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है ।

शंका-सचित्तवर्गणा या महास्कन्धवर्गणा सान्तरनिरन्तर वर्गणारूपसे कैसे परिणमन करती है ?

समाधान-नहीं, क्योंकि, उनके भेद द्वारा आये हुए स्कन्धोंका सान्तरनिरन्तरवर्गणा-रूपसे परिणमन पाया जाता है ।

सान्तरनिरन्तरद्रव्यवर्गणाओंके ऊपर प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा क्या भेदसे होती है, क्या संघातसे होती है या क्या भेद-संघातसे होती है ॥ १०९ ॥

✱ ता० प्रतौ ' सुत्तपोत्त (त्थ) एसु ' अ० आ० का० प्रतिषु 'सुत्तपोत्तएसु' इति पाठः ।

✡ अ- आ- प्रत्योः 'पादो' इति पाठः ।

सुगमं ।

सत्थाणेण भेदसंघादेण ॥ ११० ॥

परमाणुवग्गणमादिं कादूण जाव सांतरणिरंतरउक्कस्सवग्गणे त्ति ताव एदासिं वग्गणाणं समुदयसमागमेण पत्तेयसरीरवग्गणा ण समुप्पज्जदि ⊗ । कुदो ? उक्कस्सांतरणिरंतरवग्गणाण सरूवं मोत्तूण रूवाहियादिउवरिमवग्गणसरूवेण परिणमणसत्तीए अभावादो । आहार-तेजा-कम्मइयपरमाणुपोग्गल♠क्खंधेसु जोगकसायवसेण पत्तेय-वग्गणाए बंधमागदेसु अण्णापत्तेयसरीरवग्गणा उप्पज्जदि त्ति हेट्ठिल्लाणं दव्वाणं संघादेण पत्तेयसरीरवग्गणाए✱ उप्पत्ती किण्ण भण्णदे ? ण, पत्तेयसरीरवग्गणसमागमेण विणा हेट्ठिमवग्गणाणं चेव समुदयसमागमेण समुप्पज्जमाणपत्तेयसरीरवग्गणा-णुवलंभादो । किं च जोगवसेण एगबंधणबद्धओरालिय-तेजा-कम्मइयपरमाणुपोग्गल-क्खंधा अणंताणंत विस्सासुवचएहि उवचिदा । ण ते सव्वे सांतरणिरंतरादिहेट्ठिमवग्गणासु कत्थ वि सरिसधणिया होंति; पत्तेयवग्गणाए असंखेज्जदिभागत्तादो । ण ते पत्तेयसरीरजहण्णवग्गणाए सह सरिसा होंति; तदसंखे० भागत्तादो । ण ते पुध वग्गणासण्णं लहंति; जीवादो पुधभूदकाले तेसिमेगबंधाभावादो । तम्हा हेट्ठिल्लाणं दव्वाणं

यह सूत्र सुगम है ।

स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे होती है ॥ ११० ॥

परमाणुवर्गणासे लेकर सान्तरनिरन्तर उत्कृष्ट वर्गणा तक इन वर्गणाओंके समुदय-समागमसे प्रत्येकशरीरवर्गणा नहीं उत्पन्न होती है,क्योंकि, उत्कृष्ट सांतरनिरन्तरवर्गणाओंका अपने स्वरूपको छोड़कर एक अधिक आदि उपरिम वर्गणारूपसे परिणमन करनेकी शक्तिका अभाव है ।

शंका– आहारद्रव्यवर्गणा, तैजसशरीरद्रव्यवर्गणा और कार्मणशरीरद्रव्यवर्गणाके पुद्गल-स्कन्धोंके योग और कषायके वशसे प्रत्येकवर्गणारूपसे बन्धको प्राप्त होनेपर उनसे अन्य प्रत्येक शरीरवर्गणाकी उत्पत्ति होती है, अतः नीचेके द्रव्योंके संघातसे प्रत्येक शरीरवर्गणाकी उत्पत्ति क्यों नहीं कही जातीं ?

समाधान– नहीं, क्योंकि प्रत्येकशरीरवर्गणाके समागमके बिना केवल नीचेकी वर्गणाओंके समुदयसमागमसे उत्पन्न होनेवाली प्रत्येकरीरवर्गणायें नहीं उपलब्ध होती । दूसरे, योगके वशसे एकबन्धनबद्ध औदारिक, तैजस और कार्मण परमाणु पुद्गलस्कन्ध अनन्तानन्त विस्रसोप-चयोंसे उपचित होते हैं । परन्तु वे सब सान्तरनिरन्तर आदि नीचेकी वर्गणाओंमें कही भी सदृशधनवाले नहीं होते, क्योंकि, वे प्रत्येकवर्गणाके असख्यातवें भागप्रमाण होते हैं । वे प्रत्येक-शरीर जघन्य वर्गणाके सदृश भी नहीं होते, क्योंकि, वे उसके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं । वे अलग रूपसे वर्गणासंज्ञाको भी नहीं प्राप्त होते, क्योंकि, जीवसे अलग होनेके कालमें उनका

⊗ ता० प्रतौ ' ण (स–) मुप्पज्जदि' अ० आ० का० प्रतिषु 'ण मुप्पज्जदि' इति पाठः । ♠ ता० प्रतौ '-कम्मइयपोग्गल' इति पाठः । ✱ म० प्रतिपाठोऽयम् । प्रतिषु 'बंधमागदेसु अण्णपत्तेयसरीरवग्गणाए' इति पाठः ।

संघादेण ण पत्तेयसरीरवग्गणा उप्पज्जदि त्ति सिद्धं। उवरिल्लीणं दव्वाणं भेदेण विणा✿ पत्तेयसरीरवग्गणा उप्पज्जदि, बादर-सुहुमणिगोदवग्गणाणमोरालिय-तेजा-कम्मइयवग्गणक्खंधेसु अधट्ठिदिगलणाए गलिदेसु पत्तेयसरीरवग्गणं वोलेदूण हेट्ठा सांतरणिरंतरादिवग्गणसरूवेण सरिसधणियभावेण अवट्ठाणुवलंभादो। कथमेदं णव्वदे? सत्थाणेण भेदसंघादेणेव पत्तेयसरीरवग्गणा होदि त्ति सुत्तण्णहाणुववत्तीदो! भेदं गदविदियसमए पत्तेयवग्गणसरूवेण तेसिं परिणामो अत्थि त्ति उवरिल्लीण दव्वाणं भेदेण पत्तेयसरीरवग्गणाए उप्पत्ती किण्ण वुच्चदे? ण, उवरिमवग्गणादो आगदपरमाणुपोग्गलेहि चेव पत्तेयसरीरवग्गणणिप्पत्तीए अभावादो। बादर-सुहुमणिगोदवग्गणाहिंतो एगजीवपत्तेयसरीरेसुप्पण्णे संते उवरिल्लीणं दव्वाणं भेदेण पत्तेयसरीरदव्ववग्गणाए उप्पत्ती किण्ण वुच्चदे? ण, उवरिल्लीणं वग्गणाणं भेदो णाम विणासो। ण च बादर-सुहुमणिगोदवग्गणाणं मज्झे एया वग्गणा णट्ठा संती पत्तेयसरीरवग्गणासरूवेण परिणमदि; पत्तेयवग्गणाए आणंतियप्पसंगादो। ण च असंखेज्जलोगमेत्तजीवेहि एगा बादरणिगोदवग्गणा सुहुमणिगोदवग्गणा वा णिप्पज्जदि; तव्वग्गणाणमाणंतियत्तप्पसंगादो विप्फट्टेगजीवस्स बादर-सुहुमणिगोदवग्गणाणमणं-

एक बन्धन नहीं होता। इसलिए नीचेकी वर्गणाओंके संघातसे प्रत्येकशरीरवर्गणा नहीं उत्पन्न होती है यह सिद्ध हुआ।

ऊपरके द्रव्योंके भेदके बिना प्रत्येकशरीरवर्गणा उत्पन्न होती है, क्योंकि, बादरनिगोदवर्गणा और सूक्ष्मनिगोदवर्गणाके औदारिक, तैजस और कार्मणवर्गणास्कन्धोंके अधःस्थितिगलनाके द्वारा गलित होने पर प्रत्येकशरीरवर्गणाको उल्लघन कर उनका नीचे सदृशधनरूप सान्तरनिरन्तर आदि वर्गणारूपसे अवस्थान उपलब्ध होता है।

शंका– यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान– स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे ही प्रत्येकशरीरवर्गणा होती है यह सूत्र अन्यथा बन नहीं सकता है, इससे जाना जाता है।

शंका–भेदको प्राप्त होनेके दूसरे समयमें प्रत्येकशरीरवर्गणारूपसे उनका परिणमन होता है, इसलिए उपरिम द्रव्योंके भेदसे प्रत्येकशरीरवर्गणाका उत्पत्ति क्यों नहीं कहते?

समाधान– नहीं, क्योंकि, उपरिम वर्गणासे आये हुए परमाणु पुद्गलोंसे ही प्रत्येकशरीरवर्गणाकी निष्पत्तिका अभाव है।

शंका– बादरनिगोदवर्गणासे और सूक्ष्मनिगोदवर्गणासे एक जीवके प्रत्येकशरीरवालोंमें उत्पन्न होने पर ऊपरके द्रव्योंके भेदसे प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणाकी उत्पत्ति क्यों नहीं कहते?

समाधान– नहीं, क्योंकि, ऊपरकी वर्गणाओंके भेदका नाम ही विनाश है और बादरनिगोदवर्गणा तथा सूक्ष्मनिगोदवर्गणामेंसे एक वर्गणा नष्ट होती हुई प्रत्येकशरीरवर्गणारूपसे नहीं परिणमती, क्योंकि ऐसा होने पर प्रत्येकशरीरवर्गणाएँ अनन्त हो जाँयगी। यदि कहा जाय कि असंख्यात लोकप्रमाण जीवोंके द्वारा एक बादरनिगोदवर्गणा या सूक्ष्मनिगोदवर्गणा उत्पन्न होती है सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, इस प्रकार उन वर्गणाओंके अनन्त होनेका प्रसंग आता है। तथा अलग हुए एक जीवके बादरनिगोदवर्गणाके और सूक्ष्मनिगोद-

✿ आ० प्रतौ "भेदेण वि ण" इति पाठः।

तिमभागदव्वस्स तब्भेदत्ताणुववत्तीदो वा। ण च महाखंधवग्गणा णट्ठा संती पत्तेयस-रीरवग्गणसरूवेण परिणमदि; तिस्से सव्वकालं विणासाभावादो पत्तेयसरीरवग्गणाए आणंतियत्तप्पसंगादो णिच्चेयणस्स सचेयणभावेण परिणामविरोहादो वा। तदो पत्तेय-सरीरवग्गणा उवरिल्लीणं वग्गणाणं भेदेण संघादेण वा ण होदि त्ति सिद्धं। किंतु सत्थाणेण भेदसंघादेण होदि; पत्तेयवग्गणभेदाणं वग्गणाणं समुदयसमागमेण असमा-गमेण वा वग्गणुप्पत्तिदंसणादो।

पत्तेयसरीरवग्गणाए उवरि बादरणिगोददव्ववग्गणा णाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेदसंघादेण ॥ १११ ॥

सुगमं।

सत्थाणेण भेदसंघादेण ॥ ११२ ॥

हेट्ठिल्लीणं ताव संघादेण बादरणिगोदवग्गणा ण होदि; णिच्चेयणाणं वग्गणाणं समुदयसमागमेण सचित्तवग्गणुप्पत्तिविरोहादो असंखेज्जलोगमेत्तपत्तेयसरीरवग्गणाणं समुदयसमागमेण अणंतजीवगब्भेगबादरणिगोदवग्गणाए उप्पत्तिविरोहादो। ण च उवरिमसचित्तवग्गणाए भेदेण होदि; एगसुहुमणिगोदवग्गणजीवाणमक्कमेण सव्वेसिं पि

वर्गणाके अनन्तवें भागप्रमाण द्रव्यका उस रूपसे भेद भी नहीं बन सकता है। यदि कहा जाय कि महास्कन्धवर्गणा नष्ट होती हुई प्रत्येकशरीरवर्गणारूपसे परिणमन करती है सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, एक तो उसका सर्वकाल विनाश नहीं होता, दूसरे ऐसा माननेपर प्रत्येक-शरीरवर्गणाके अनन्त होनेका प्रसंग आता है और तीसरे अचेतनका सचेतनरूपसे परिणमन होनेमें विरोध है, इसलिए प्रत्येकशरीरवर्गणा उपरिम वर्गणाओंके भेद या संघातसे नहीं उत्पन्न होती है यह सिद्ध हुआ। किन्तु स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे उत्पन्न होती है, क्योंकि, प्रत्येक वर्गणाके अवान्तर भेदरूप वर्गणाओंके समुदयसमागम या असमागमसे वर्गणाकी उत्पत्ति देखी जाती है।

प्रत्येकशरीरवर्गणाके ऊपर बादरनिगोदवर्गणा क्या भेदसे होती है, क्या संघा-तसे होती है या क्या भेद-संघातसे होती है ॥ १११ ॥

यह सूत्र सुगम है।

स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे होती है ॥ ११२ ॥

नीचेकी वर्गणाओंके संघातसे तो बादरनिगोदवर्गणा उत्पन्न होती नहीं, क्योंकि, अचेतन वर्गणाओंके समुदयसमागमसे सचेतन वर्गणाओंकी उत्पत्ति होनेमें विरोध है। तथा असंख्यात लोकप्रमाण प्रत्येकशरीरवर्गणाओंके समुदयसमागमसे अनन्तजीवगर्भ एक बादरनिगोदवर्गणाकी उत्पत्ति होनेमें विरोध है। यह कहना उपरिम सचित्तवर्गणाके भेदसे यह वर्गणा होती है, ठीक नहीं है, क्योंकि, एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणाके सब जीवोंका युगपत् बादरनिगोदवर्गणारूपसे

बादरणिगोदवग्गणसरूवेण परिणामविरोहादो सुहुमणिगोदेहिंतो आगंतूण बादरणिगोदेसु उप्पण्णेहि चेव जीवेहि आरद्धबादरणिगोदवग्गणाए अभावादो वा । कुदो एदं णव्वदे? उवरिल्लीणं भेदेण णत्थि त्ति वयणादो । महाखंधदव्ववग्गणाए भेदेण बादरणिगोदवग्गणा ण उप्पज्जदि; तिस्से विणासाभावादो अचित्तस्स सचित्तभावेण परिणामविरोहादो च । सत्थाणेण भेदसंघादेणेव बादरणिगोदवग्गणा होदि । सुहुमणिगोदेहिंतो पत्तेयसरीरेहिंतो चेव आगदेहि✡ जीवेहि बादरणिगोदजीवेहि च एगेगा बादरणिगोदवग्गणा णिप्पज्जदि त्ति भणिदं होदि । बादरणिगोदेहिंतो जेण सुहुमणिगोदा असंखेज्जलोगगुणा तेण एगबादरणिगोदवग्गणा सुद्धेहि सुहुमणिगोदेहि चेव आरद्धे त्ति भणिदे को दोसो? ण, एगसुहुमणिगोदवग्गणट्ठियजीवाणमणंतिमभागाणं चेव बादरणिगोदेसु संचारुवलंभादो ।

बादरणिगोददव्ववग्गणाणमुवरि सुहुमणिगोददव्ववग्गणा णाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेदसंघादेण ॥ ११३ ॥

सुगमं ।

परिणमन होनेमें विरोध है । तथा जो जीव सूक्ष्म निगोदोंमेंसे आकर बादरनिगोदोंमें उत्पन्न होते हैं उनके द्वारा आरम्भ की गई बादरनिगोदवर्गणाका अभाव है ।

शंका- यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान- उपरिम वर्गणाओंके भेदसे नहीं होती इस वचनसे जाना जाता है ।

महास्कन्धद्रव्यवर्गणाके भेदसे बादरनिगोदवर्गणा नहीं उत्पन्न होती है, क्योंकि, एक तो उसका विनाश नहीं होता। दूसरे अचित्तका सचित्तरूपसे परिणमन होनेमें विरोध है। इसलिए स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे ही बादरनिगोदवर्गणा होती है । सूक्ष्म निगोदमेंसे या प्रत्येक-शरीरमेंसे आये हुए जीवोंके द्वारा और बादर निगोद जीवोंके द्वारा एक एक बादरनिगोद-वर्गणा निष्पन्न की जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका- यत: बादरनिगोदोंसे सूक्ष्मनिगोद असंख्यात लोकगुणे हैं, अत: एक बादरनिगोद वर्गणा शुद्ध सूक्ष्म निगोदों से आरम्भ होती है यदि ऐसा कहा जाय तो क्या दोष है ?

समाधान- नहीं, क्योंकि, एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणामें स्थित जीवोंके अनन्तवें भागमात्र जीवोंका ही बादर निगोदोंमें संचार देखा जाता है, अत: एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणासे एक बादर-निगोदवर्गणाका आरम्भ नहीं हो सकता ।

बादरनिगोदद्रव्यवर्गणाओंके ऊपर सूक्ष्मनिगोदद्रव्यवर्गणा क्या भेदसे होती है, क्या संघातसे होती है या क्या भेद-संघातसे होती है ॥ ११३ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

✡ ता० का० प्रत्यो: ' च आगदेहि ' इति पाठ: ।

सत्थाणेण भेदसंघादेण ॥ ११४ ॥

ण बादरणिगोदवग्गणाणं संघादेण एगसुहुमणिगोदवग्गणा होदि; एगसुहुमणिगोदवग्गणजीवमेत्तबादरणिगोदजीवेहि चेव आरद्धसुहुमणिगोदवग्गणाभावादो✡। तं पि कुदो णव्वदे? हेट्ठिल्लीणं संघादेण ण उप्पज्जदि त्ति वयणादो। बादरणिगोदाणं सुहुमणिगोदभावविरोहादो वा बादरणिगोदेहि सुहुमणिगोदवग्गणा णारब्भदि। जदि सुहुमो ण बादरो अह बादरो ण सुहुमो त्ति तेण सुहुमणिगोदेहि चेव सुहुमणिगोददव्ववग्गणा आरब्भदि त्ति भणिदं होदि। ण च बादरणिगोदाणं पत्तेयसरीराणं वा सुहुमणिगोदेसेसुप्पण्णाणं बादरणिगोदत्तं पत्तेयसरीरत्तं वा अत्थि; विरुद्धपरिणामाणमक्कमेण वुत्तिविरोहादो। एसत्थो पहाणो पत्तेय-बादरणिगोदवग्गणासु वि वत्तव्वो। महाखंधभेदेण वि सुहुमणिगोदवग्गणा ण होदि; पुव्वुत्तदोसप्पसंगादो। किंतु भेदसंघादेण होदि। सुहुमणिगोदवियप्पवग्गणाणं भेदसंघादेण सुहुमणिगोदवग्गणा उप्पज्जदि त्ति भणिदं होदि। एक्किस्से सुहुमणिगोदवग्गणाए एगविस्सासुवचयपरमाणुम्हि वड्ढिदे अण्णा वग्गणा होदि; एगपरमाणुणा अहियत्तुवलंभादो। एवमणिच्छिज्जमाणे पुव्वं परूविदट्ठाणाणमभावो होज्ज। ण च एवं, तम्हा हेट्ठिल्लीणं ट्ठिदीणं दव्वाणं समुदय-

स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे होती है ॥ ११४ ॥

बादरनिगोदवर्गणाओंके संघातसे एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणा नहीं होती, क्योंकि, एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणामें जितने जीव हैं उतने बादर निगोद जीवोंके द्वारा आरम्भ की गई सूक्ष्मनिगोदवर्गणाका अभाव है।

शंका– यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान–नीचेकी वर्गणाओंके संघातसे नहीं होती इस वचनसे जाना जाता है।

अथवा बादर निगोदोंका सूक्ष्म निगोदरूपसे होनेमें विरोध है, इसलिए बादर निगोद सूक्ष्मनिगोदवर्गणाका आरम्भ नहीं करते। जब कि सूक्ष्म बादर नहीं है और बादर सूक्ष्म नहीं है, इसलिए सूक्ष्म निगोदोंके द्वारा ही सूक्ष्मनिगोदद्रव्यवर्गणा आरम्भ की जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। बादर निगोद और प्रत्येकशरीर जीवोंके मर कर सूक्ष्म निगोदोंमें उत्पन्न होने पर उनका बादर निगोदपन और प्रत्येकशरीरपन नहीं रहता, क्योंकि, विरुद्ध परिणामोंकी युगपत् वृत्ति होनेमें विरोध है। यहां यह अर्थ प्रधान है। इसे प्रत्येकशरीरवर्गणा और बादरनिगोदवर्गणा में भी कहना चाहिए। महास्कन्धके भेदसे भी सूक्ष्मनिगोदवर्गणा नहीं होती, क्योंकि, पुर्वोक्त दोषों का प्रसंग आता है। किन्तु भेद-संघातसे होती है। सूक्ष्मनिगोदके अवान्तर भेदरूप वर्गणाओंके भेद-संघातसे सूक्ष्मनिगोदवर्गणा उत्पन्न होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका–एक सूक्ष्मनिगोदवर्गणामें एक विस्रसोपचय परमाणुके बढ़ने पर अन्य वर्गणा होती है, क्योंकि, वहां एक परमाणु अधिक देखा जाता है। ऐसा नहीं मानने पर पहले कहे गये स्थानोंका अभाव होता है। परन्तु ऐसा है नहीं, इसलिए नीचेकी स्थितिवाले द्रव्योंके समुदय–

✡ ता० प्रतौ '-वग्गणभावादो' इति पाठः। अ-आ-प्रत्योः 'एगवग्गणाभावादो' इति पाठः।

समागमेण सुहुमणिगोदवग्गणाए होदव्वमिदि । एत्थ परिहारो वुच्चदे– जुत्तमेदं जदि पज्जवट्ठियणओ अवलंबिदो होदि । ट्ठाणपरूवणाए पुण ण दोसो; पज्जवट्ठियणयावलंबणादो । एत्थ पुण दव्वट्ठियणओ अवलंबिदो त्ति परमाणुवड्ढीए हाणीए वा ण वग्गणाए अण्णत्तं किंतु जीवाणं समागमेण भेदेण च सचित्तवग्गणुप्पत्ती होदि । तेण हेट्ठिल्लीणं दव्वाणं समागमेण सचित्तवग्गणाओ ण उप्पज्जंति त्ति भणिदं होदि ।

सुहुमणिगोदवग्गणाणमुवरि महाखंधदव्ववग्गणा णाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेदसंघादेण ॥ ११५ ॥

सुगमं ।

सत्थाणेण भेदसंघादेण ॥ ११६ ॥

हेट्ठिमाणं संघादेण बिदियमहाखंधवग्गणा ण उप्पज्जदि; तिस्से सव्वद्धमेग✱वग्गणत्तादो । ण च एगादिपरमाणुपोग्गलेसु वड्ढिदेसु अण्णा वग्गणा होदि; एववग्गणं मोत्तूण तत्थ बिदियवग्गणाणुवलंभादो । किंतु भेदसंघादेण होदि; पज्जवट्ठियणयावलंबणादो . तं जहा- एगादिअणंतपरमाणुपोग्गलेसु महाखंधादो❋फट्टियगदेसु भेदेण अण्णा महाखंध

समागमसे सूक्ष्मनिगोदवर्गणा होनी चाहिए ?

समाधान–इस शंकाका समाधान करते हैं–पर्यायार्थिक नयका यदि अवलम्बन लिया जाय तो यह कहना युक्त है । फिर भी स्थानप्ररूपणामें कोई दोष नहीं है, क्योंकि, वहाँ पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन लिया गया है । परन्तु यहाँ पर द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन लिया गया है, इसलिए परमाणुकी वृद्धि और हानिसे वर्गणामें अन्यपना नहीं आता, किन्तु जीवोंके समागम और भेदसे सचित्तवर्गणाकी उत्पत्ति होती है, इसलिए नीचेके द्रव्योंके समागमसे सचित्तवर्गणायें नहीं उत्पन्न होतीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

सूक्ष्मनिगोदवर्गणाओंके ऊपर महास्कन्धद्रव्यवर्गणा क्या भेदसे होती है, क्या संघातसे होती है या क्या भेद-संघातसे होती है ॥ ११५ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

स्वस्थानकी अपेक्षा भेद-संघातसे होती है ॥ ११६ ॥

नीचेकी वर्गणाओंके संघातसे दूसरी महास्कन्धवर्गणा नहीं उत्पन्न होती है, क्योंकि, वह सर्वत्र एक वर्गणारूप है । एक आदि परमाणु पुद्गलोंके बढ़नेपर अन्य वर्गणा होती है यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, एक वर्गणाको छोड़कर वहाँ दूसरी वर्गणा नहीं पाई जाती । किन्तु वह भेद-संघातसे होती है, क्योंकि, यहाँ पर पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन लिया गया है । यथा–– महास्कन्धसे एक आदि अनन्त परमाणु पुद्गलोंके विलग होकर चले जानेपर भेदसे

✱ ता० प्रतौ ' सव्वत्थ एग– ' इति पाठः । ❋ आ० प्रतौ ' –अणंतपोग्गलेसु परमाणुसु महाखंधादो ' इति पाठः ।

दव्ववग्गणा होदि । तत्थेव एगादिअणंतेसु समागदेसु संघादेण अण्णा महाखंधदव्व-वग्गणा होदि । अक्कमेण उवचयावचयेहि वि भेदसंघादेण महाखंधदव्ववग्गणा होदि । एवं तीहि पयारेहि सव्वत्थ भेदसंघादस्स अत्थपरूवणा✿ कायव्वा । उवरिमाणं भेदेण हेट्ठा अपुव्ववग्गणुप्पत्ती भेदजणिदा णाम । हेट्ठिमाणं वग्गणाणं समागमेण सरिसधणियसरूवेण अण्णवग्गणुप्पत्ती संघादजा णाम । ण च एदाओ दो वि एत्थ अत्थि, वग्गणबहुत्ताभावादो । एवमेगसेडिवग्गणणिरूवणा समत्ता ।

संपहि णाणासेडिवग्गणाणिरूवणा एवं चेव कायव्वा । का णाणासेडी णाम ? सरिसधणियाणं मुत्ताहलोलिसमाणपंतीयो णाणासेडि णाम ।

एवं वग्गणाणिरूवणे त्ति समत्तमणुयोगद्दारं ।

चोद्दससु अणुयोगद्दारेसु दोण्णमणुयोगद्दाराणं परूवणं काऊण सेसबारसण्ण-मणुयोगद्दाराणं सुत्तकारण☼ किमट्ठं परूवणा ण कदा । ण ताव अजाणंतेण ण कदा; चउवीसअणुयोगद्दारसरूवमहाकम्मपयडिपाहुडपारयस्स भूदबलिभयवंतस्स तदपरि-ण्णाणविरोहादो । ण विस्सरणालुएण होंतेण ण कदा; अप्पमत्तस्स तदसंभवादो

अन्य महास्कन्ध द्रव्यवर्गणा होती है । उसीमें एक आदि अनन्त परमाणु पुद्गलोंके आ जानेपर संघातसे अन्य महास्कन्ध वर्गणा होती है । तथा एक साथ उपचय और अपचय होनेसे भेद-संघातसे महास्कन्धद्रव्यवर्गणा होती है । इस प्रकार सर्वत्र तीन प्रकारसे भेद-संघातकी अर्थ प्ररूपणा करनी चाहिए । उपरिम वर्गणाओंके भेदसे नीचे अपूर्व वर्गणाकी उत्पत्ति भेद जनित कही जाती है और नीचेकी वर्गणाओंके समागमसे सदृशधनरूपसे अन्य वर्गणाकी उत्पत्ति संघातज कही जाती है । परन्तु ये दोनों यहाँ पर नहीं हैं, क्योंकि, यहाँ पर बहुत वर्गणाओंका अभाव है ।

इस प्रकार एकश्रेणिवर्गणानिरूपणा समाप्त हुई ।

नानाश्रेणिवर्गणानिरूपणा इसी प्रकार करनी चाहिए ।

शंका-नानाश्रेणि किसे कहते हैं ?

समाधान-सदृश धनवालोंकी मुक्ताफलोंकी पंक्तिके समान पंक्तिको नानाश्रेणि कहते हैं ।

इस प्रकार वर्गणानिरूपणा अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

शंका-सूत्रकारने चौदह अनुयोगद्वारोंमेंसे दो अनुयोगद्वारोंका कथन करके शेष बारह अनुयोगद्वारोंका कथन किस लिए नहीं किया है । अजानकार होनेसे नहीं किया है यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, चौबीस अनुयोगद्वारस्वरूप महाकर्मप्रकृति प्राभृतके पारगामी भगवान् भूतबलिको उनका अजानकार माननेमें विरोध है । विस्मरणशील होनेसे नहीं किया है यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, अप्रमत्तका विस्मरणशील होना सम्भव नहीं है ।

✿ आ० प्रतौ ' सव्वत्थ भेदपरूवणा ' इति पाठः । ☼ आ० प्रतौ ' दोण्णमणियोगद्दाराणं सुत्तकारेण ' इति पाठः ।

त्ति? ण एस दोसो; पुव्वाइरियवक्खाणक्कमजाणावणट्ठं✠ तप्परूवणाकरणादो । किमट्ठमणुयोगद्दारा णाम तम्हि चेव♠ तत्थतणसयलत्थपरूवणं संखित्तवयणकलावेण कुणंति? वचिजोगासवदुवारेण ढुक्कमाणकम्मणिरोहट्ठं ।

तम्हा दोण्णमणुयोगद्दाराणं पुव्विल्लाणं परूवणा देसामासिय त्ति काऊण सेसबारसण्णमणुयोग⊛द्दाराणं कस्सामो । तं जहा एगसेडिवग्गणाधुवाधुवाणुगमेण परमाणुपोग्गलदव्ववग्गणा किं धुवा किमद्धुवा ? धुवा, अदीदाणागदवट्टमाणकालेसु एयपदेसियपरमाणुपोग्गलवग्गणविणासाभावादो । एवं संते एगपरमाणुस्स परमाणु-भावेण सव्वद्धमवट्ठाणं पावदि त्ति भणिदे ण एस दोसो; एक्कम्हि परमाणुम्हि विणट्ठे वि अण्णेसिं तज्जादीणं परमाणूणं संभवेण एयपदेसियवग्गणाए धुवत्तविरोहादो एगसेडिपरूवणाए णाणासेडिपरमाणूणं कथं गहणं कीरदे? ण एस दोसो; एगेणेव परमाणुणा एगसेडी❋ घेप्पदि त्ति णियमाभावादो । दुपदेसियवग्गणप्पहुडि जाव धुव-खंधदव्ववग्गणे त्ति ताव एदाओ वग्गणाओ किं धुवाओ किमद्धुवाओ? एत्थ पुव्वं व परूवणा कायव्वा; धुवत्तं पडि भेदाभावादो । सांतरणिरंतरदव्ववग्गणाओ जाअ-

---

समाधान-यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, पूर्व आचार्योंके व्याख्यानके क्रमका ज्ञान करानेके लिए शेष बारह अनुयोगद्वारोंका कथन नहीं किया है ।

शंका-अनुयोगद्वार वहींपर उसके सकल अर्थका कथन संक्षिप्त वचनकलापके द्वारा किसलिए करते हैं ?

समाधान- वचनयोगरूप आस्रवके द्वारा प्राप्त होनेवाले कर्मोंका निरोध करनेके लिए अनुयोगद्वार सकल अर्थका संक्षिप्त वचनकलापके द्वारा कथन करते हैं ।

इसलिए पूर्वोक्त दो अनुयोगद्वारोंका कथन देशामर्षक है ऐसा जान कर शेष बारह अनुयोगद्वारोंका कथन करते हैं । यथा-एकश्रेणीवर्गणा ध्रुवाध्रुवानुगमकी अपेक्षा परमाणुपुद्गल द्रव्यवर्गणा क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? ध्रुव है, क्योंकि, अतीत, अनागत और वर्तमान कालमें एकप्रदेशी परमाणुपुद्गलवर्गणाका विनाश नहीं होता ।

शंका-ऐसा होने पर एक परमाणुका परमाणुरूपसे सर्वदा अवस्थान प्राप्त होता है?

समाधान-यह कोई दोष नहीं हैं, क्योंकि, एक परमाणुके नष्ट होनेपर भी तज्जातीय अन्य परमाणुओंके सम्भव होनेसे एकप्रदेशी वर्गणाके ध्रुव होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

शंका-एकश्रेणिकी प्ररूपणामे नानाश्रेणिरूप परमाणुओंका ग्रहण कैसे करते हैं ?

समाधान-यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, इसी परमाणुसे एकश्रेणिका ग्रहण होता है ऐसा कोई नियम नहीं है ।

द्विप्रदेशी वर्गणासे लेकर ध्रुवस्कन्धवर्गणा तक ये वर्गणायें क्या ध्रुव हैं या क्या अध्रुव हैं ? यहां पहलेके समान कथन करना चाहिए, क्योंकि, ध्रुवत्वके प्रति कोई भेद नहीं है । जो

✠ ता० प्रतौ '-धवखाणक्कमेजाणावणट्ठं' इति पाठः । ♠ आ० प्रतौ 'णामंहि चेव' इति पाठः । ⊛ प्रतिषु 'सेसबादरसण्णिमणियोग-' इति पाठः । ❋ ता० प्रतौ 'एगएगसेडी' इति पाठः ।

असुण्णाओ ताओ असुण्णत्तणेण किं धुवाओ किमद्धुवाओ? अद्धुवाओ । कुदो ? असुण्णभावेण सव्वकालं तासिमवट्ठाणाभावादो । एत्थ सरिसधणियक्खंधेसु सव्वेसु विणट्ठेसु वग्गणाभावादो । एक्कम्हि वि खंधे संते वग्गणा अत्थि चेवे त्ति घेत्तव्वं । सुण्णाओ सुण्णत्तणेण किं धुवाओ किद्मधुवाओ ? अद्धुवाओ । कुदो ? सुण्णाओ णाम परमाणुविरहिदवग्गणाओ; तासि सुण्णभावेण अवट्ठाणाभावादो । हेट्ठिमवग्गणाओ संघादेण उवरिमवग्गणाओ भेदेण जं तेण कालेण सुण्णवग्गणमसुण्णं कुणंति त्ति भणिदं होदि । सुण्णाओ वि असुण्णाओ वि वग्गण्णाओ वग्गणादेसेण धुवाओ । को वग्गणादेसो णाम ? वग्गणाणं संभवसामण्णं वग्गणादेसो णाम । तेण वग्गणादेसेण सव्वाओ सव्वकालमत्थि त्ति धुवाओ । पत्तेयसरीरवग्गणाओ जाओ भवसिद्धियपाओग्गाओ सजोगि-अजोगीसु लब्भमाणाओ ताओ सुण्णाओ वि असुण्णाओ वि । कुदो ? सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तसजोगिअजोगिपाओग्गपत्तेयसरीरवग्गणट्ठाणेसु वट्टमाणकाले संखेज्जाणं चेव जीवाणमुवलंभादो । ण च संखेज्जेहि जीवेहि सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तपत्तेयसरीरवग्गणट्ठाणाणि वट्टमाणकाले आवूरिज्जंति; विरोहादो । एत्थ जाओ सुण्णाओ ताओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; सव्वकालमेदीए वग्गणाए सुण्णाए चेव होदव्वमिदि णियमाभावादो । जाओ असुण्णाओ ताओ वि असुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; तासिमेगसरूवेण अवट्ठाणाभावादो ।

सान्तरनिरन्तरद्रव्यवर्गणाएं अशून्यरूप हैं वे अशून्यरूपसे क्या ध्रुव हैं या क्या अध्रुव हैं? अध्रुव हैं, क्योंकि, अशून्यरूपसे उनका सदा काल अवस्थान नहीं रहता । सदृश धनवाले सब स्कन्धोंके विनष्ट होनेपर वर्गणाका अभाव होता है । तथा एक भी स्कन्धके रहनेपर वर्गणा है ही ऐसा अर्थ यहां ग्रहण करना चाहिए । शून्य वर्गणाएं शून्यरूपसे क्या ध्रुब हैं या क्या अध्रुव हैं? अध्रुव हैं, क्योंकि शून्यका अर्थ है परमाणुओंसे रहित वर्गणायें, किन्तु उनका शून्यरूपसे सदा अवस्थान नहीं रहता । नीचेकी वर्गणाएं संघातसे और ऊपरकी वर्गणाएं भेदसे उस कालमें शून्यवर्गणाको अशून्यरूप करती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । शून्य वर्गणाएं और अशून्य वर्गणाएं भी वर्गणादेशकी अपेक्षा ध्रुव हैं ।

शंका – वर्गणादेश किसे कहते हैं ?

समाधान – वर्गणाओंके सम्भव सामान्यको वर्गणादेश कहते हैं ।

उस वर्गणादेशकी अपेक्षा सब वर्गणाएं सर्वदा हैं इसलिए ध्रुव हैं । जो भव्योंके योग्य प्रत्येकशरीरवर्गणाएं सयोगी और अयोगी जीवोंके प्राप्त होती हैं वे शून्यरूप भी है और अशून्यरूप भी है क्योंकि, सब जीवोंसे अनन्तगुणे सयोगी-अयोगीप्रायोग्य प्रत्येकशरीर वर्गणास्थानोंमेंसे वर्तमान कालमें संख्यात जीव ही उपलब्ध होते हैं । यह कहना कि संख्यात जीव वर्तमान कालमें सब जीवोंसे अनन्तगुणे प्रत्येकशरीरवर्गणास्थानोंको भर देंगे, ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा होनेमें विरोध आता है । यहां जो वर्गणायें शून्य है वे शून्यरूपसे अध्रुव है, क्योंकि, सर्वदा इस वर्गणाको शून्यरूप ही होनी चाहिए ऐसा कोई नियम नहीं है । जो वर्गणाएं अशून्यस्वरूप है वे अशून्यरूपसे अध्रुव है क्योंकि उन वर्गणाओंका एकरूपसे अवस्थान नहीं रहता ।

एदं संभवं पडुच्च परूविदं । वत्तिं पडुच्च पुण भण्णमाणे सजोगि-अजोगि-पाओग्गपत्तेयसरीरवग्गणट्ठाणेसु अणंताहि वग्गणाहि सुण्णभावेण अवट्ठिदाहि होदव्वं; तिसु वि कालेसु सजोगि-अजोगीहि अच्छुत्ताणंतट्ठाणसंभवादो । अभवसिद्धियपाओग्गाओ जाओ पत्तेयसरीरवग्गणाओ सुण्णाओ ताओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; सुण्णाणं पि वग्गणाणं उवरिमहेट्ठिमवग्गणाणं भेदसंघादेण पच्छा असुण्णत्तुवलंभादो । एदं पि संभवं पडुच्च परूविदं । वत्ति पडुच्च पुण णिहालिज्जमाणे सुण्णाओ✱ सुण्णत्तणेण अवट्ठिदाओ अत्थि; पुढवि-आउ-तेउ-वाउकाइएहि देव-णेरइय-सजोगि-अजोगि-जीवेहिय असंखेज्जलोगमेत्तेहि सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तपत्तेयसरीरवग्गणट्ठाणाण-मावूरणे संभवाभावादो । असुण्णाओ असुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; पत्तेयसरीवग्गणद-व्वाणं वड्ढिहाणीहि विणा सव्वत्थमवट्ठाणाभावादो । वग्गणादेसेण पुण पत्तेयसरीरव-ग्गणाओ सव्वाओ धुवाओ होंति; सांतरणिरंतरवग्गणाणं व सव्वेसिं पत्तेयसरीरवग्ग-णट्ठाणाणं कम्हि वि काले सुण्णत्ताणुवलंभादो ।

बादरणिगोदवग्गणाओ जाओ भवसिद्धियपाओग्गाओ खीणकसायम्मि लब्भ-माणाओ ताओ सुण्णाओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; सुण्णाणं सुण्णभावेण सव्वकालम-वट्ठाणाभावादो । एदं संभवं पडुच्च परूविदं । वत्ति पडुच्च पुण भण्णमाणे सुण्णाओ सुण्णत्तणेण धुवाओ अत्थि; संखेज्जाणं खीणकसायाणं सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तखीण-

यह सम्भवकी अपेक्षा कहा है । परन्तु व्यक्तिकी अपेक्षा कथन करने पर सयोगी और अयोगीप्रायोग्य प्रत्येकशरीरवर्गणास्थानोंमेंसे अनन्त वर्गणायें शून्यरूपसे अवस्थित होनी चाहिए, क्योंकि, तीनों ही कालोंमें सयोगी और अयोगी जीवोंके द्वारा नहीं छुए गये अनन्त स्थान सम्भव हैं । तथा अभव्योंके योग्य जो प्रत्येकशरीरवर्गणायें शून्यरूप हैं वे शून्यरूपसे अध्रुव हैं, क्योंकि, शून्यरूप वर्गणाओंका भी उपरिम और अधस्तन वर्गणाओंके भेद-संघातसे बादमें अशून्यरूपसे सद्भाव पाया जाता है । यह भी सम्भवकी अपेक्षा कहा है । परन्तु व्यक्ति की अपेक्षा देखने पर शून्य वर्गणायें शून्यरूपसे अवस्थित हैं, क्योंकि, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, देव, नारकी, सयोगी और अयोगी इन असंख्यात लोकप्रमाण सब जीवोंके द्वारा अनन्तगुणे प्रत्येकशरीरवर्गणास्थानोंका व्याप्त करना सम्भव नहीं है । अशून्य वर्गणायें अशून्यरूपसे अध्रुव हैं, क्योंकि, प्रत्येकशरीरवर्गणाद्रव्योंका वृद्धि और हानिके विना सर्वदा अवस्थान नहीं पाया जाता है । परन्तु वर्गणादेशकी अपेक्षा सब प्रत्येकशरीर वर्गणायें ध्रुव हैं, क्योंकि, सान्तरनिरन्तरवर्गणाओंके समान सब प्रत्येकशरीवर्गणास्थानोंका किसी भी कालमें शून्यपना नहीं पाया जाता ।

बादरनिगोदवर्गणायें जो कि भव्योंके योग्य क्षीणकषाय गुणस्थानमें उपलब्ध होती हैं वे शून्यरूप होकर शून्यरूपसे अध्रुव हैं, क्योंकि, शून्य वर्गणाओंका शून्यरूपसे सदा अवस्थान नहीं पाया जाता । यह सम्भवकी अपेक्षा कहा है । परन्तु व्यक्तिकी अपेक्षा कथन करने पर शून्य वर्गणायें शून्यरूपसे ध्रुव हैं, क्योंकि, संख्यात क्षीणकषाय जीवोंका सब जीवोंसे अनन्तगुणे

✱ ता० प्रतौ 'णिहालिज्जमाणेण सुण्णाओ' इति पाठः]

कसायपाओग्गबादरणिगोदट्ठाणेसु तिसु वि कालेसु वुत्तिविरोहादो। सुण्णाओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ वि अत्थि; सुण्णाणं ट्ठाणाणं केसिं पि कम्हि वि काले असुण्णत्तुवलंभादो। असुण्णाओ असुण्णत्तणेण अद्धुवाओ; खीणकसायपाओग्गबादरणिगोदवग्गणाणं सव्वकालमवट्ठाणाभावादो। भावे वा ण कस्स वि णिव्वुई होज्ज; खीणकसायम्मि बादरणिगोदवग्गणाए संतीए केवलणाणुप्पत्तिविरोहादो। अभवसिद्धियपाओग्गाओ जाओ सुण्णाओ ताओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ। कुदो? सुण्णाणं पि उवरिमहेट्ठिमवग्गणाणं भेदसंघादेण कालंतरे असुण्णत्तुवलंभादो। एदं संभवं पडुच्च परूविदं। वत्तिं पडुच्च पुण भण्णमाणे सुण्णाओ धुवाओ वि अत्थि। कुदो? असंखेज्जलोगमेत्तबादरणिगोदवग्गणाणं सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तसेचीयट्ठाणेसु अदीदकाले वि वुत्तिविरोहादो। तं जहा एक्कम्हि अदीदसमए जदि असंखेज्जलोगमेत्ताणि बादरणिगोदट्ठाणाणि लब्भंति तो सव्विस्से अदीदद्धाए किं लभामो त्ति फलगुणिदिच्छाए पमाणेणोवट्टिदाए अदीदकालादो असंखेज्जलोगगुणमेत्ताणि चेव बादरणिगोदवग्गणासु असुण्णट्ठाणाणि होंति। अण्णाणि सव्वट्ठाणाणि सुण्णाणि चेव। तेण सुण्णाओ सुण्णत्तणेण धुवाओ। विग्गहगदीए वट्टमाणा बादरणिगोदजीवा किं बादरणिगोदवग्गणासु पदंति आहो पत्तेयसरीरवग्गणासु त्ति? ण ताव पत्तेयसरीरवग्गणासु पदंति; णिगोदजीवाणं पत्तेयसरीरजीवत्तविरोहादो पत्तेयसरीरवग्गणाए असंखेज्जलोगपमाणत्तं

क्षीणकषायप्रायोग्य बादरनिगोदस्थानोंमें तीनों ही कालोंमें वृत्ति माननेमें विरोध आता है। तथा शून्यवर्गणायें शून्यरूपसे अध्रुव भी हैं, क्योंकि, कोई भी शून्य स्थान किसी भी समय अशून्यरूप होकर उपलब्ध होते हैं। अशून्य वर्गणायें अशून्यरूपसे अध्रुव हैं, क्योंकि, क्षीणकषायप्रायोग्य बादरनिगोदवर्गणाओंका सर्वदा अवस्थान नहीं पाया जाता। यदि उनका अवस्थान होता है तो किसी भी जीवको मोक्ष नहीं हो सकता है, क्योंकि, क्षीणकषायमें बादरनिगोदवर्गणाके रहते हुए केवलज्ञानकी उत्पत्ति होनेमें विरोध है। अभव्योंके योग्य जो शून्य वर्गणायें हैं वे शून्यरूपसे अध्रुव हैं, क्योंकि, शून्य वर्गणाओंका भी उपरिम और अधस्तन वर्गणाओंके भेद-संघातसे कालान्तरमें अशून्यपना पाया जाता है। यह सम्भवकी अपेक्षा कहा है। परन्तु व्यक्तिकी अपेक्षा कथन करने पर शून्य वर्गणायें ध्रुव भी हैं, क्योंकि असंख्यात् लोकप्रमाण बादरनिगोदवर्गणाओंके सब जीवोंसे अनन्तगुणे सेचीयस्थानोंमें अतीत कालम भी वृत्ति होनेमें विरोध है। खुलासा इस प्रकार है-एक अतीत समयमें यदि असंख्यात लोकप्रमाण बादर निगोदस्थान पाये जाते हैं तो सब अतीत कालमें कितने प्राप्त होंगे इस प्रकार फलसे गुणित इच्छाको प्रमाणसे भाजित करनेपर अतीत कालसे असंख्यात लोकगुणे बादर निगोदवर्गणाओंमें अशून्यस्थान प्राप्त होते हैं। अन्य सब स्थान शून्य ही हैं। इसलिए शून्य वर्गणायें शून्यरूपसे ध्रुव हैं।

शंका-विग्रहगतिमें विद्यमान बादर निगोद जीव क्या बादरनिगोदवर्गणाओंमें गर्भित हैं या प्रत्येकशरीरवर्गणाओंमें गर्भित हैं? प्रत्येकशरीरवर्गणाओंमें तो गर्भित हो नहीं सकते, क्योंकि, एक तो निगोद जीवोंको प्रत्येकशरीर जीव होनेमें विरोध है, दूसरे प्रत्येक

मोत्तूण आणंतियप्पसंगादो च । तदो बादरणिगोदवग्गणाए वट्टमाणकाले अणंताए होदव्वमिदि? ण एस दोसो; विग्गहगदीए वि एगबंधणबद्धअणंताणंतबादरणिगोद-जीवेहि एगबादरणिगोदवग्गणुप्पत्तीदो वट्टमाणकाले बादरणिगोदवग्गणाओ असंखे-ज्जलोगमेत्ताओ चेवे त्ति घेत्तव्वं सुण्णाओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ वि उवरिमहेट्ठिम-वग्गणाणं भेदसंघादेण सुण्णाणं पि कालंतरे असुण्णत्तुवलंभादो । असुण्णाओ असुण्ण-त्तणेण अद्धुवाओ । कुदो ? वग्गणाणमेगसरूवेण सव्वद्धमवट्ठाणाभावादो । वग्ग-णादेसेण पुण सव्वाओ धुवाओ; अणंताणंतवग्गणाणं सव्वद्धमुवलंभादो ।

सुहुमणिगोदवग्गणाओ सुण्णत्तणेण अद्धुवाओ सुण्णवग्गणाहि सव्वकालं सुण्णत्तणेणेव अच्छिदव्वमिदि णियमाभावादो । एदं संभवं पडुच्च परूविदं । वत्तिं पडुच्च पुण भण्णमाणे सुण्णाओ सुण्णत्तणेण धुवाओ वि अत्थि; वट्टमाणकाले असं-खेज्जलोगमेत्तसुहुमणिगोदवग्गणाहि अदीदकालेण वि सव्वजीवेहि अणंतगुणमेत्तट्ठाणा-वूरणं पडि संभवाभावादो । कारणं बादरणिगोदाणं व वत्तव्वं । अद्धुवाओ वि; उवरिमहेट्ठिमवग्गणाणं भेदसंघादेण सुण्णाण पि कालंतरे असुण्णत्तुवलंभादो । असु-णाओ सुहुमणिगोदवग्गणाओ असुण्णत्तणेण अद्धुवाओ । कुदो? सुहुमणिगोदवग्गणाण-मवट्ठिदसरूवेण अवट्ठाणाभावादो ।

शरीरवर्गणाऐं असंख्यात लोकमात्र प्रमाणको छोड़कर अनन्त हो जायँगी । इसलिए बादर निगोदवर्गणा वर्तमान कालमें अनन्त होनी चाहिए ?

समाधान–यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, विग्रहगतिमें भी एक बन्धनमें बँधे हुए अनन्तानन्त बादरनिगोद जीवोंकी एक बादरनिगोदवर्गणा बन जाती है । इसलिए वर्तमान कालमें बादरनिगोदवर्गणाऐं असंख्यात लोकप्रमाण ही होती हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए ।

